सांध्य दैनिक
आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
DGR Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 11 अंक : 312 | इंदौर, शनिवार 30 मई, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## 'कोई देश नहीं थोप सकता अपना वर्चस्व'

### अमेरिका की चीन को दो टूक, पीट हेगसेथ ने भारत को बताया ताकतवर देश



**सिंगापुर, (एजेंसी)** अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने शनिवार को कहा कि भारत एक ताकतवर देश है और अपनी सेना का आधुनिकीकरण कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत के पास भारी औद्योगिक और लॉजिस्टिक्स क्षमता है, जो उसे उच्च-स्तरीय सैन्य अभियानों को बनाए रखने में सक्षम बनाती है। हेगसेथ ने सिंगापुर में शांगरी-ला संवाद के दौरान प्रतिनिधियों से बातचीत करते हुए ये बातें कहीं। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि भारत खास तौर से हिंद महासागर क्षेत्र में शक्ति संतुलन बनाए हुए है।

धार्मिक और पूजा स्थलों पर भीड़ प्रबंधन और सार्वजनिक सुविधाओं के मामले में

# मॉडल स्टेट बनेगा मध्यप्रदेश

## भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था सहित सभी जरूरी व्यवस्थाओं का अवलोकन : सीएम डॉ. यादव

● सरकार सभी धार्मिक स्थलों पर सुविधाएं बढ़ाने के लिए सभी कदम उठाएगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश के सभी प्रमुख धार्मिक स्थलों पर भीड़ प्रबंधन, सार्वजनिक सुविधाओं के विकास तथा सभी जरूरी नागरिक सेवाओं के विस्तार के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। प्रदेश के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व के स्थलों का बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से देश के प्रमुख धार्मिक स्थानों पर भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था सहित सभी जरूरी व्यवस्थाओं का अवलोकन और अध्ययन किया जा रहा है।**



जिससे मध्यप्रदेश आने वाले श्रद्धालुओं के लिए एक मॉडल स्टेट के रूप में विकसित किया जा सके। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को माता वैष्णो देवी धाम के लिए प्रस्थान करने से पहले जम्मू में स्थानीय मीडिया प्रतिनिधियों से संवाद कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि माता वैष्णो देवी धाम में श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध सभी व्यवस्थाओं का मुआयना करने के लिए मध्यप्रदेश सरकार का एक प्रतिनिधिमंडल यहां आया हुआ है। प्रदेश के प्रमुख धार्मिक एवं पूजा स्थलों में उज्जैन का श्री महाकाल मंदिर, श्री महाकालेश्वर देवस्थान, श्री ओंकारेश्वर देवस्थान और भोजशाला शामिल हैं, जिसे हाल ही में माननीय हाईकोर्ट द्वारा मां वाग्देवी के मंदिर के रूप में मान्यता दी गई है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वैष्णो देवी धाम में माता का आशीर्वाद लेकर प्रदेशवासियों के कल्याण के लिए प्रार्थना करने जा रहे है। उन्होंने कहा कि माता वैष्णो देवी मंदिर प्रबंधन द्वारा यहां एक विश्वविद्यालय, मेडिकल कॉलेज और कई सेवा संस्थान भी चलाए जा रहे हैं। जिनसे श्रद्धालुओं और यात्रियों को दर्शन के लिए सुव्यवस्थित और संगठित व्यवस्था प्रदान की जाती है, जिससे उन्हें सुगम और सुविधाजनक अनुभव मिल सके। हमारा प्रतिनिधिमंडल इन सभी व्यवस्थाओं का अध्ययन करेगा इससे श्रद्धालुओं के लिए एक अच्छा सेवा प्रकल्प तैयार किया जा सके।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि हम प्रदेश के धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं, यात्रियों और नागरिकों की सुविधाओं को बेहतर से बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे है। व्यवस्थाओं में और अधिक सुधार के उद्देश्य से हमारे प्रतिनिधिमंडल द्वारा देश के प्रमुख धार्मिक/पूजा स्थलों का भ्रमण कर वहां उपलब्ध सुविधाओं का गहन अध्ययन किया जा रहा है। अध्ययन के उपरांत प्राप्त अनुभवों और प्रतिनिधिमंडल के सुझावों पर अमल कर मध्यप्रदेश सरकार सभी धार्मिक स्थलों पर सुविधाएं बढ़ाने के लिए सभी कदम उठाएगी। धार्मिक स्थलों पर सभी प्रकार के जरूरी एवं अत्याधुनिक विकास कार्य कराए जायेंगे तथा व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ किया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि धार्मिक और पूजा स्थलों पर श्रद्धालुओं के लिए समुचित व्यवस्थाओं और सेवा के लिए सुविधाओं के साथ शैक्षणिक एवं समाज कल्याण की गतिविधियों का विशेष महत्व है। जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल जगमोहन ने सालों पहले श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड की स्थापना कर यहां श्रद्धालुओं के लिए अनेक सुविधाओं का विकास किया। आज माता वैष्णो देवी के दर्शन करने के बाद जम्मू-कश्मीर के पर्यटन विभागाधिकारियों से विभिन्न विषयों पर चर्चा की है। हमारी सरकार अपना एक दल माता वैष्णो देवी भेजकर यहां संचालित व्यवस्थाओं का गहन अध्ययन कराएगी।

नकली बायो डीजल बेचने वाली कंपनी पर बड़ी कार्रवाई

## खाद्य विभाग की टीम ने पंप को मौके पर किया सील

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** जिले के देपालपुर मेथवाडा स्थित मे. इंदौर बायो एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड बायो डीजल पंप भागीदार सुनीता पति सुभाष केसवाल एवं सुभाष पति रामचंद्र केसवाल निवासी 1525 द्वारकापुरी इंदौर द्वारा अवैध रूप से नकली बायो डीजल की बिक्री करने पर खाद्य विभाग द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई है।

खाद्य विभाग की टीम ने पंप को मौके पर सील कर दिया है। मे. इंदौर बायो एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड बायो डीजल पंप पर प्रारंभिक जाँच में नकली बायो डीजल होना पाया गया है। जांच की कार्रवाई सहायक आपूर्ति अधिकारी शिव सुंदर व्यास देपालपुर, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी अजय अस्थाना द्वारा की गई। बताया गया कि मे. इंदौर बायो एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड बायो डीजल पंप की शिकायत प्राप्त होने पर खाद्य विभाग की टीम द्वारा जांच की गई। प्रारंभिक जांच में नकली बायो डीजल पाए जाने पर पंप को सील किया गया है। इसके साथ ही पंप संचालक द्वारा राज्य सरकार के अधिकृत लाईसेंस प्राप्त छह कंपनी के सप्लायर से सप्लाई नहीं लेकर अनाधिकृत फर्म से सप्लाई लेना पाया गया। बताया गया कि पंप संचालक बीएस100 मानक का ही बायो डीजल विक्रय कर सकते हैं, बायोडीजल के मानक की डेंसिटी 900 से ऊपर होती है परंतु मौके पर डेंसिटी 860 पाई गई। मौके से कुल 6000 लीटर नकली बायो डीजल जप्त किया गया, जिसकी कीमत लगभग 4 लाख 20 हजार रूपये से अधिक है।



# इंदौर में एक महीने बाद आएगा मानसून, केरल में थमा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इस बार देश में मानसून की एंट्री लेट हो गई है। मौसम विभाग ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया कि श्रीलंका के ऊपर कम दबाव वाली तूफानी हवाओं की स्थिति बनी हुई है। इसी मौसमी सिस्टम के चलते मानसून केरलम तट से महज 30-35 किलोमीटर दूर पिछले 5 दिनों से अटका हुआ है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि अगले 2-3 दिनों तक इसके आगे बढ़ने के आसार नजर नहीं आ रहे हैं। आमतौर पर केरलम के तट पर मानसून पहुंचने की सामान्य तारीख 1 जून मानी जाती है। इससे पहले मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में 26 मई तक ही मानसून के आने का अनुमान जताया था। हालांकि अब बदले हुए ताजा अनुमान के मुताबिक यह अपने तय समय से करीब 7 दिन की देरी के बाद 4 जून को केरल तट पर दस्तक देगा। वहीं मौसम विभाग के मुताबिक मप्र में आने में इसे 20 से 25 जून तक का समय लगेगा। मौसम विभाग ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि इस साल देश में औसतन 78 सेंटीमीटर बारिश होने का अनुमान है, जो कि सामान्य औसत वर्षा से करीब 10 प्रतिशत कम है। विभाग के अनुसार इस साल मानसून के कोर जोन में कम बारिश दर्ज की जाएगी। यह चिंता का विषय इसलिए है क्योंकि इस विशेष इलाके में खेती सबसे ज्यादा मानसूनी बारिश पर ही निर्भर करती है। सीधे शब्दों में कहें तो बारिश की कमी का सीधा असर फसलों के विकास और खाद्य उत्पादन पर देखने को मिलेगा। इस मानसून कोर जोन के अंतर्गत मध्य प्रदेश के कई बड़े इलाके भी आते हैं, जिसके चलते यहां खेती प्रभावित होने से सीधे तौर पर किसानों को बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है। इधर इंदौर में इस बार नौतपा शुरू हुए चार दिन का समय बीत चुका है, लेकिन राहत की बात यह है कि तापमान 40-41 डिग्री सेल्सियस के आसपास ही बना हुआ है। खास बात यह देखने को मिल रही है कि दोपहर के समय तेज तपिश की वजह से लोग हलाकान और परेशान हैं और ऐसा अहसास होता है कि तापमान 43-44 डिग्री के करीब पहुंच गया है, लेकिन वास्तव में आंकड़ों में ऐसा नहीं है। इस बार पारा अभी तक बहुत ज्यादा ऊपर नहीं गया है, हालांकि तेज धूप और भारी उमस की वजह से लोगों में काफी बेचैनी देखी जा रही है। इस बार नौतपा में गर्मी के तेवर भले ही बहुत ज्यादा तीखे नहीं दिख रहे हैं, लेकिन फिर भी उमस के कारण लोगों को कोई खास राहत नहीं मिल पा रही है।



ब्रिक्स कृषि बैठक के लिए इंदौर में तैयारियां

# कलेक्टर, कमिश्नर, अधिकारियों ने बसों में बैठकर किया निरीक्षण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर में 9 से 13 जून तक कृषि विषय पर अंतरराष्ट्रीय महत्व का ब्रिक्स कृषि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन में ब्रिक्स देशों के कृषि मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल शामिल होंगे। आयोजन को लेकर जिला प्रशासन, पुलिस और नगर निगम द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं।**





गुरुवार को कलेक्टर शिवम वर्मा, पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने सम्मेलन से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम स्थलों, अतिथियों के ठहरने के स्थानों और आवागमन मार्गों का संयुक्त निरीक्षण किया। अधिकारियों ने एयरपोर्ट से लेकर होटल और आयोजन स्थलों तक की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा निर्देश दिए कि मेहमानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही मालवा की सांस्कृतिक गरिमा और पारंपरिक आतिथ्य के अनुरूप उनका स्वागत सुनिश्चित किया जाए।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने एयरपोर्ट से मेरियट होटल और शैरेटन ग्रैंड पैलेस तक बसों के माध्यम से भ्रमण किया। इस दौरान नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, इंदौर विकास प्राधिकरण के सीईओ डॉ. परीक्षित झाड़े, स्मार्ट सिटी के सीईओ अर्थ जैन, एमपीआईडीसी के कार्यकारी अधिकारी हिमांशु प्रजापति, अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पवार और रोशन राय सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर शिवम वर्मा ने बताया कि अधिकारियों की ब्रीफिंग, दायित्व निर्धारण और समन्वय का कार्य लगातार किया जा रहा है। एयरपोर्ट से लेकर बैठक स्थलों और अतिथियों के ठहरने वाले स्थानों तक पूरे रूट प्लान का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया है। प्रशासन, पुलिस और नगर निगम की संयुक्त टीम सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटी हुई है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन इंदौर और देश दोनों के लिए गौरव का अवसर है। प्रशासन पूरी गंभीरता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है ताकि आयोजन में किसी भी प्रकार की त्रुटि न रहे। उन्होंने विश्वास जताया कि इंदौर पूर्व की तरह इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन का भी सफल संचालन करेगा।

### कृषि आधरित प्रदर्शनी लगाई जाएगी

कलेक्टर ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशन में प्रदेश में कृषि वर्ष मनाया जा रहा है। इसी क्रम में सम्मेलन के दौरान मध्यप्रदेश की कृषि उपलब्धियों और नवाचारों को प्रदर्शित किया जाएगा। ढक्कन वाला कुआं स्थित हाट बाजार सहित विभिन्न स्थानों पर कृषि आधारित प्रदर्शनियां और स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां अंतरराष्ट्रीय मेहमानों को प्रदेश के कृषि विकास मॉडल की जानकारी दी जाएगी। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री की पहल पर वाहन पूलिंग और ईंधन बचत का संदेश भी दिया। सभी अधिकारियों ने संयुक्त रूप से बसों में भ्रमण किया, जिससे ईंधन बचत के साथ समन्वित निरीक्षण भी संभव हो सका।

## अर्पण अस्पताल के आईसीयू से महिला का सोने का कंगन गायब

मौत के बाद खुलासा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** एमजी रोड थाना क्षेत्र स्थित अर्पण अस्पताल में एक बुजुर्ग महिला के सोने के कंगन चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ चोरी का केस दर्ज किया है। एमजी रोड पुलिस के मुताबिक मूसाखेड़ी के मयूर नगर निवासी ज्योति गुप्ता की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई है। ज्योति ने बताया कि 16 अप्रैल को उनकी मां उमा सूर्यवंशी की अचानक तबीयत बिगड़ गई थी, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए अर्पण अस्पताल लाया गया। यहां उन्हें आईसीयू में भर्ती किया गया था। उस समय उनके दोनों हाथों में सोने के कंगन थे। शाम को जब उमा सूर्यवंशी को आईसीयू से बाहर लाया गया, तब उनके एक हाथ का कंगन गायब मिला। उसी दिन उन्हें आगे के इलाज के लिए गोकुलदास अस्पताल रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। परिवार में शोक होने के कारण तत्काल पुलिस में शिकायत नहीं की जा सकी। अब पुलिस अस्पताल के आईसीयू के सीसीटीवी फुटेज खंगालकर मामले की जांच कर रही है।

## एमवाय हॉस्पिटल में नवजात का शव मिला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** एमवाय अस्पताल में शुक्रवार सुबह एक नवजात का शव मिला। शव इमरजेंसी वार्ड के सामने बने बाथरूम में मिला। सूचना मिलने के बाद एमवाय चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस के मुताबिक सुबह कुछ लोग बाथरूम पहुंचे थे। इसी दौरान उन्होंने वहां एक नवजात का शव पड़ा देखा। लोगों ने तुरंत मौके पर मौजूद सुरक्षा गार्ड को इसकी जानकारी दी। इसके बाद सफाई कर्मचारियों की मदद से शव को बाहर निकाला गया। शुरुआती जानकारी में नवजात की उम्र करीब तीन महीने बताई जा रही है। शव को अस्पताल के CHMO कक्ष में रखवाया गया। बाद में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी भिजवा दिया। घटना के बाद अस्पताल प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। अस्पताल परिसर में सुरक्षा गार्ड तैनात हैं और कई स्थानों पर CCTV कैमरे भी लगे हुए हैं। पुलिस अब कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। अस्पताल के वरिष्ठ डॉक्टर पूरे मामले की जानकारी जुटाने में लगे हैं। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि नवजात का शव अस्पताल के बाथरूम तक कैसे पहुंचा।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर मिलावट के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी

# बेक समोसा बनाने वाले विभिन्न प्रतिष्ठानों की जांच

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदेश में खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर शिवम वर्मा के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन, इंदौर द्वारा निरंतर जांच एवं सैंपलिंग कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 29 मई को बेक समोसा बनाने वाले विभिन्न प्रतिष्ठानों की जांच की गई एवं बेक समोसा, क्रीम रोल, चटनी, नमकीन एवं व्हिप क्रीम के नमूने जांच हेतु लिए गए।






खाद्य विभाग की टीम द्वारा छोटा बांगड़दा स्थित आदित्य राज बेकरी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान में गंभीर अनियमितताएं एवं अत्यंत अस्वच्छ परिस्थितियां पाई गईं। मौके पर प्रतिष्ठान हेतु वैध खाद्य लाइसेंस उपलब्ध नहीं पाया गया। परिसर में गंदगी पाई गई तथा कार्य कर रहे कारीगरों के मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र भी उपलब्ध नहीं पाए गए। निरीक्षण के दौरान बिना लेबल लगी सॉस एवं ग्रीन चटनी उपयोग हेतु रखी पाई गई। साथ ही आलू का मसाला सड़ा हुआ पाया गया। मौके पर 300 बेक समोसा,सड़ा आलू मसाला, 10 बोतल चटनी एवं केक विनष्ट कराया गया। परिसर में चारों ओर टूटी हुई टाइल्स पाई गईं तथा कच्ची खाद्य सामग्री गंदगी युक्त स्थल पर नीचे रखी होना पाया गया। खराब एवं अनुपयोगी सामग्री भी परिसर के पीछे एक कोने में पड़ी पाई गई तथा पीछे के परिसर से अत्यधिक दुर्गंध आना पाया गया। उक्त गंभीर अनियमितताओं के कारण मौके पर ही प्रतिष्ठान का खाद्य कारोबार बंद कराया गया। संबंधित प्रतिष्ठान को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत सूचना पत्र जारी किया जा रहा है। निर्धारित समयावधि में सुधार नहीं किए जाने की स्थिति में खाद्य लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई की जाएगी।

### ● अन्य प्रतिष्ठानों से नमूना कार्रवाई

इसी क्रम में स्कीम नंबर 103 स्थित सुख सिस्टर बेकरी से बेक समोसा का नमूना जांच हेतु लिया गया। अन्य प्रतिष्ठानों से भी बेक समोसा, क्रीम रोल, चटनी, नमकीन एवं क्रीम रोल के नमूने लेकर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं। कलेक्टर शिवम वर्मा ने कहा है कि आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। कलेक्टर श्री वर्मा ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी खाद्य प्रतिष्ठान में गंदगी, मिलावट, बिना लाइसेंस खाद्य कारोबार अथवा अन्य अनियमितता दिखाई देती है तो उसकी शिकायत तत्काल कलेक्टर हेल्पलाइन 0731-181 पर दर्ज कराएं। प्राप्त शिकायतों पर त्वरित जांच एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# पीसीसी चीफ बोले-जनता को धीमा जहर दिया जा रहा

## कांग्रेस के सर्वे में 98% पानी के सैंपल फेल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। देश के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में पहचाने जाने वाले इंदौर की हकीकत उसके नलों से निकलने वाले पानी ने बयां कर दी है। इंदौर प्रेस क्लब में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने नगर निगम और राज्य सरकार की व्यवस्थाओं सवाल खड़े किए।**




कांग्रेस द्वारा कराए गए एक वैज्ञानिक 'जल सर्वे' और लैब रिपोर्ट के मुताबिक इंदौर की जनता को नलों के माध्यम से पानी नहीं, बल्कि 'धीमा जहर' परोसा जा रहा है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में जीतू पटवारी ने बताया कि कांग्रेस ने इंदौर के 7 विधानसभा क्षेत्रों के 29 वार्डों से 240 पानी के नमूने एकत्र किए थे। 'यूनिग्लोब एनालिटिका' की लैब रिपोर्ट में जो तथ्य सामने आए, वे रोंगटे खड़े करने वाले हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, जांचे गए पानी के 98% नमूने गुणवत्ता मानकों पर पूरी तरह फेल पाए गए हैं। पानी में 'ई-कोलाई' (E. coli) और 'कोलीफॉर्म' बैक्टीरिया की भारी मात्रा की पुष्टि हुई है, जो सीधे तौर पर पीने के पानी की पाइपलाइनों में सीवरेज का गंदा पानी मिलने का प्रमाण है। जीतू पटवारी ने बेहद आक्रामक लहजे में कहा कि शहर में दूषित पानी पीने से अब तक 36 मासूम नागरिकों की असामयिक मौत हो चुकी है। भागीरथपुरा सहित कई क्षेत्रों में फैली इस त्रासदी के बावजूद नगर निगम प्रशासन पूरी तरह उदासीन बना हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि अमृत योजना और ड्रेनेज सुधार के नाम पर खर्च किए गए 7,000 करोड़ रुपए का बजट विकास के बजाय भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है। जीतू पटवारी ने प्रशासन को दो टूक चेतावनी देते हुए कहा, 'इंदौर की जनता धैर्य के साथ अपने हक का इंतजार कर रही है, लेकिन अब हम मौतों का सिलसिला बर्दाश्त नहीं करेंगे। यदि समय रहते इन मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो कांग्रेस पार्टी सड़कों पर उतरेगी और इंदौर नगर निगम मुख्यालय का घेराव करेगी।' क्या इंदौर की 'स्वच्छता रैंकिंग' सिर्फ कागजों तक सीमित है? या प्रशासन जानबूझकर इंदौर को बीमारियों की भेंट चढ़ा रहा है? यह अब शहर का सबसे बड़ा सवाल बन चुका है।

# सरकारी स्कूल के प्रिंसिपल को लोकायुक्त ने रंगेहाथ पकड़ा

## 10 हजार रूपए की रिश्वत ली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** संयोगितागंज स्थित शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय बालक क्रमांक-1 में लोकायुक्त पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने विद्यालय के प्राचार्य और नोडल अधिकारी राजकुमार चेलानी को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी प्राचार्य पर आरोप है कि उन्होंने एक निजी स्कूल की शिकायत का मामला सुलझाने के एवज में इस रिश्वत की मांग की थी।

इस पूरे मामले का खुलासा तब हुआ जब इदरिस नगर के निवासी और द इंटरनेशनल कॉन्वेंट स्कूल के संचालक रवि जायसवाल ने लोकायुक्त एसपी राजेश सहाय से इसकी लिखित शिकायत की। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि उनके स्कूल के खिलाफ किसी अभिभावक ने एक शिकायत दर्ज कराई थी। इसी शिकायत के निराकरण और मामले को रफा-दफा करने के बदले में संकुल प्राचार्य राजकुमार चेलानी द्वारा 10 हजार रुपए की घूस मांगी जा रही थी। शिकायत दर्ज होने के बाद लोकायुक्त की टीम ने गोपनीय तरीके से मामले का सत्यापन कराया, जिसमें रिश्वत मांगे जाने की बात पूरी तरह सही पाई गई। लोकायुक्त की योजना के अनुसार शुक्रवार को प्राचार्य ने रिश्वत की रकम लेकर आवेदक को स्कूल परिसर में बुलाया था। आवेदक के वहां पहुंचते ही लोकायुक्त की ट्रैप टीम पूरी तरह सक्रिय हो गई। जैसे ही प्राचार्य ने आवेदक से 10 हजार रुपए की राशि अपने हाथ में ली, वैसे ही वहां मुस्तैद टीआई प्रतिभा तोमर और हेड कॉन्स्टेबल आशीष शुक्ला की टीम ने उन्हें मौके पर ही दबोच लिया। लोकायुक्त पुलिस द्वारा आरोपी राजकुमार चेलानी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण संशोधन अधिनियम-2018 की धारा-7 के तहत मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।



### भ्रष्टाचार के खिलाफ यहां करें शिकायत

इस सफल कार्रवाई के बाद लोकायुक्त संगठन ने आम जनता से एक विशेष अपील जारी की है। संगठन का कहना है कि यदि कोई भी सरकारी अधिकारी या कर्मचारी किसी काम के बदले रिश्वत की मांग करता है, तो नागरिक निडर होकर इसकी सूचना लोकायुक्त कार्यालय इंदौर में दे सकते हैं। इसके अलावा लोग सीधे दूरभाष नंबर 0731-2533160 और 0731-2430100 पर भी अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं ताकि भ्रष्टाचारियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जा सकें।

# लॉरेंस बिश्नोई गैंग का 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)



**इंदौर। क्राइम ब्रांच ने लॉरेंस बिश्नोई गैंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 25 हजार रुपए के इनामी बदमाश राहुल सिंह राठौर उर्फ बाबा को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर एसटीएफ की ओर से 15 हजार और क्राइम ब्रांच इंदौर की ओर से 10 हजार रुपए का इनाम घोषित था। पुलिस के मुताबिक राहुल सिंह गैंग के मुख्य सरगना राजपाल चंदावत का करीबी सहयोगी था। वह व्यापारियों को धमकाने, हथियार उपलब्ध कराने और फायरिंग व रेकी के लिए लड़कों की व्यवस्था करने का काम करता था।**

क्राइम ब्रांच को लंबे समय से सूचना मिल रही थी कि लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े आरोपी शहर के व्यापारियों और व्यवसायियों को धमकाकर अवैध वसूली कर रहे हैं। इसी मामले में पहले गिरफ्तार किए गए आरोपी राजपाल चंदावत से पूछताछ के दौरान राहुल सिंह का नाम सामने आया था। इसके बाद क्राइम ब्रांच की टीम ने कार्रवाई करते हुए देवास जिले के औद्योगिक क्षेत्र थाना अंतर्गत ग्राम बिजाना से राहुल सिंह राठौर को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पता चला कि वह गैंग के सदस्यों के बीच पैसों के लेन-देन का समन्वय करता था और उन्हें तकनीकी समेत अन्य जरूरी मदद उपलब्ध कराता था। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि राहुल सिंह, राजपाल चंदावत के लिए हथियारों की व्यवस्था करता था और फायरिंग व रेकी के लिए युवकों को भेजता था। जांच के दौरान आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड भी सामने आया है। क्राइम ब्रांच थाना इंदौर में उसके खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया है। फिलहाल पुलिस उससे लगातार पूछताछ कर रही है। माना जा रहा है कि पूछताछ में गैंग से जुड़े कई और अहम खुलासे हो सकते हैं।

# अर्पण अस्पताल के आईसीयू से महिला का सोने का कंगन गायब

## मौत के बाद खुलासा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। एमजी रोड थाना क्षेत्र स्थित अर्पण अस्पताल में एक बुजुर्ग महिला के सोने के कंगन चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ चोरी का केस दर्ज किया है।**

एमजी रोड पुलिस के मुताबिक मूसाखेड़ी के मयूर नगर निवासी ज्योति गुप्ता की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई है। ज्योति ने बताया कि 16 अप्रैल को उनकी मां उमा सूर्यवंशी की अचानक तबीयत बिगड़ गई थी, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए अर्पण अस्पताल लाया गया। यहां उन्हें आईसीयू में भर्ती किया गया था। उस समय उनके दोनों हाथों में सोने के कंगन थे। शाम को जब उमा सूर्यवंशी को आईसीयू से बाहर लाया गया, तब उनके एक हाथ का कंगन गायब मिला। उसी दिन उन्हें आगे के इलाज के लिए गोकुलदास अस्पताल रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। परिवार में शोक होने के कारण तत्काल पुलिस में शिकायत नहीं की जा सकी। अब पुलिस अस्पताल के आईसीयू के सीसीटीवी फुटेज खंगालकर मामले की जांच कर रही है।

# पड़ोसी की हरकतों से परेशान सिलाई कारीगर ने दी जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** गांधी नगर थाना क्षेत्र में एक बेहद दुखद घटना सामने आई है, जहां रहने वाले एक सिलाई कारीगर ने जहर खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। इस गंभीर मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतक के पड़ोसी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया है। परिजनों का आरोप है कि आरोपी पड़ोसी लगातार पीड़ित को डरा-धमका रहा था। इस खौफनाक कदम को उठाने से पहले भी आरोपी ने कारीगर के साथ बेरहमी से मारपीट की थी, जिसकी लिखित शिकायत पीड़ित परिवार द्वारा पूर्व में गांधी नगर थाने में दर्ज कराई गई थी। गांधी नगर पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक, शंकर कॉलोनी निवासी गजानंद (55) पुत्र नाथूसिंह सोलंकी की संदिग्ध मौत के मामले में जांच के बाद पड़ोसी मेहताब बड़ोले के खिलाफ आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का प्रकरण दर्ज किया गया है। घटनाक्रम के अनुसार, बीते 26 मई को गजानंद ने अपने घर के पीछे स्थित एक खेत में जाकर जहरीला पदार्थ गटक लिया था। जैसे ही परिजनों को इस बात की भनक लगी, वे आनन-फानन में उन्हें गंभीर हालत में इलाज के लिए अरबिंदो अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों के तमाम प्रयासों के बावजूद उनकी मौत हो गई। पुलिस ने इस पूरे मामले की तह तक जाने के लिए मृतक गजानंद की पत्नी शारदा और उनके दोनों बेटों के विस्तृत बयान दर्ज किए हैं। परिजनों ने पुलिस को दिए अपने बयानों में बताया कि गत 10 मई को पड़ोस में रहने वाले मेहताब सिंह ने गजानंद के साथ बुरी तरह मारपीट की थी। इस हिंसक हमले में गजानंद गंभीर रूप से घायल हो गए थे और उनके सिर में करीब 10 टांके आए थे। इस खूनी संघर्ष की बकायदा शिकायत भी पीड़ित पक्ष द्वारा पुलिस थाने में दर्ज कराई गई थी।

# अस्पताल जा रहा युवक हादसे का शिकार

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र) इंदौर।** सुपर कॉरिडोर के रिजलाय फाटे पर एक और बड़ा हादसा हो गया। बाइक और डंपर की जोरदार भिड़ंत में परिचित को खाना देने जा रहे युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। गुरुवार को हादसे के बाद क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर फिर सवाल खड़े हो गए हैं। पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान बलखेड़ा जिला बड़वानी निवासी जगन (36) पिता तुकाराम रावत के रूप में हुई है। वह पीथमपुर की एक फैक्ट्री में काम करता था। उसके परिवार में पत्नी और दो बच्चियां हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जगन किसी परिचित को खाना देने जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार डंपर ने उसकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में मोटरसाइकिल पर लिफ्ट लेकर बैठा एक अन्य व्यक्ति भी गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका इलाज अरविंदो अस्पताल में जारी है। सूचना मिलते ही गांधीनगर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी।

# भारत को अक्षय ऊर्जा की वैश्विक महाशक्ति बना रही पीएम सूर्य घर योजना : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## ● पीएम सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना से जगमगा रहे मध्यप्रदेश के करीब 1.30 लाख घर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में 'पीएम सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना' भारत को अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में एक वैश्विक महाशक्ति के रूप में स्थापित कर रही है। आत्मनिर्भर ऊर्जा के साथ सशक्त भारत की दिशा में केन्द्र सरकार के बढ़ते कदमों का ही सुपरिणाम है कि आज देश के 40 लाख घरों में रूफटॉप सोलर पैनल स्थापित हो गए हैं। इनमें मध्यप्रदेश के 1 लाख 29 हजार 971 घर शामिल हैं। ये सभी घर-परिवार अब बिजली बिल की चिंता से हमेशा के लिए मुक्त होकर स्वच्छ एवं अक्षय ऊर्जा से रौशन हो रहे हैं। मध्यप्रदेश में स्थापित इन सोलर संयंत्रों से 456 मेगावॉट से अधिक





स्वच्छ सौर ऊर्जा का उत्पादन भी हो रहा है। केन्द्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा संचालित पीएम सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना के नेशनल पोर्टल के अनुसार इस योजना से अब तक प्रदेश के 1 लाख 34 हजार 436 परिवार लाभान्वित हो चुके हैं। प्रदेश के पीएम सूर्य घर योजना हितग्राहियों को अब तक 901.92 करोड़ रुपये की अनुदान (सब्सिडी) राशि रिलीज की जा चुकी है।उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग द्वारा प्रदेश में 6 लाख घरों को 'पीएम सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना' के तहत सौर ऊर्जा से रौशन करने का लक्ष्य लिया गया है। लक्ष्य प्राप्ति के लिए तेजी से काम जारी है। विभाग को अब तक 2 लाख 4 हजार 601 आवेदन मिल चुके हैं।

### जल संरक्षण और संवर्धन के पुनीत कार्य में देश का अग्रणी राज्य बना मध्यप्रदेश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जल ही जीवन का मुख्य आधार है और हमारी पारंपरिक जल संरचनाओं को संरक्षित और संवर्धित करना हमारा परम सामाजिक और पर्यावरणीय कर्तव्य है। इसी पावन उद्देश्य के साथ राज्य में शुरू किया गया 'जल गंगा संवर्धन अभियान' आज केवल एक शासकीय कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक के सहयोग से एक पवित्र जन-आंदोलन का रूप ले चुका है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश में जल संरक्षण और पुनर्जीवन के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुआ है, जिसके अंतर्गत अब तक रिकॉर्ड 2 लाख से अधिक जल संरचनाओं का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश जल सहेजने के इस पुनीत कार्य में पूरे देश में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान-2026 के तहत राज्य में कुल 3,67,777 कार्यों का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इसमें से 2,00,844 महत्वपूर्ण संरचनाओं का निर्माण और जीर्णोद्धार पूरा किया जा चुका है, जबकि 1,51,093 कार्य तीव्र गति से प्रगति पर हैं।

---

**सोते समय ऊपर से गिरा एसिड**

# मुंह में तेजाब जाने से मां की मौत, बच्चे झुलसे...

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बड़वानी, एजेंसी।** जिले के राजपुर थाना क्षेत्र के मोहनपुरा इंद्रपुर गांव में खेत में सो रहे एक परिवार पर कथित रूप से एसिड से भरा डिब्बा गिर जाने से एक महिला की मौत हो गई, जबकि उसके दो मासूम बच्चे झुलस गए। महिला को मुंह खोलकर सोने की आदत थी, जिस कारण एसिड उसके मुंह में चला गया था, जो मौत का कारण बना। राजपुर के ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. देवेंद्र रोमड़े ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब छह बजे विजय नामक व्यक्ति अपनी 24 वर्षीय पत्नी पिंकी, चार वर्षीय पुत्री शिवानी और छह वर्षीय पुत्र अथर्व को 108 एंबुलेंस से राजपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया था। उन्होंने बताया कि घटना के चलते पिंकी का चेहरा, छाती, पेट, पैर व हाथ बुरी तरह झुलस गए थे और उसकी आंखें पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थीं। वहीं दोनों बच्चों के चेहरे भी एसिड से झुलस गए। प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को जिला अस्पताल बड़वानी रेफर किया गया, लेकिन पिंकी की रास्ते में ही मौत हो गई। डॉक्टरों ने जिला अस्पताल पहुंचने पर उसे मृत घोषित कर दिया। दोनों बच्चों का जिला अस्पताल के बर्न यूनिट में उपचार जारी है और उनकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। महिला के पति विजय ने बताया कि वह खेत में ड्रिप सिंचाई प्रणाली की सफाई के लिए राजपुर से एसिड की केन लाया था और उसे परिवार के सोने की जगह के पास एक रैक पर रख दिया था। उसने बताया कि शुक्रवार तड़के वह शौच के लिए बाहर गया था। इसी दौरान संभवतः किसी बिल्ली या चूहे की हलचल के कारण एसिड का डिब्बा गिर गया और एसिड उसकी पत्नी तथा दोनों बच्चों पर फैल गया। विजय के अनुसार, उसकी पत्नी पिंकी को मुंह खोलकर सोने की आदत थी, जिसके कारण कुछ एसिड उसके मुंह में भी चला गया। इसी कारण उसका गला और आहार नली भी एसिड के कारण जल गए थे।

# उज्जैन में जारी होंगे 200 करोड़ के टेंपल बॉन्ड

## 11 मंदिरों के विकास पर खर्च होंगे 1100 करोड़ रुपए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी। उज्जैन में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने और श्रद्धालुओं की सुविधाओं में सुधार के लिए एक बड़ी योजना शुरू की जा रही है। इसके तहत उज्जैन और आगर-मालवा के 11 प्रमुख मंदिरों के नवीनीकरण और सुविधाओं के विस्तार पर लगभग 1100 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इस योजना की मुख्य विशेषता यह है कि देश में पहली बार 'टेंपल बॉन्ड' जारी किए जाएंगे।**

संभागायुक्त आशीष सिंह ने प्रशासनिक संकुल में महत्वपूर्ण बैठक ली। इसमें उज्जैन कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, महाकाल मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक, यूडीए सीईओ संदीप सोनी सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। आगर-मालवा कलेक्टर प्रीति यादव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़ीं।



इस योजना में उज्जैन के कालभैरव मंदिर, मंगलनाथ मंदिर, सांदीपनी आश्रम, नवग्रह मंदिर, 84 महादेव मंदिर, अंगारेश्वर महादेव मंदिर, भूखी माता मंदिर, गढ़कालिका मंदिर और सिद्धवट मंदिर शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, आगर-मालवा के मां बगलामुखी मंदिर को भी इसमें जोड़ा गया है।

**श्रद्धालुओं को बढ़ाई जाएंगी सुविधाएं-** इन मंदिरों में श्रद्धालुओं की सुविधाओं को बढ़ाने के लिए पार्किंग क्षेत्र, पेयजल व्यवस्था, यात्री सुविधा केंद्र, सड़क और मार्ग विकास, लाइटिंग तथा सुरक्षा व्यवस्था जैसे कार्य किए जाएंगे। सिंहस्थ-2028 को ध्यान में रखते हुए इन धार्मिक स्थलों को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जा रहा है, ताकि सिंहस्थ में आने वाले करोड़ों श्रद्धालु इनका लाभ उठा सकें।

इस परियोजना के लिए कुल 1100 करोड़ रुपए की राशि जुटाई जाएगी। इसमें से 200 करोड़ रुपए 'टेंपल बॉन्ड' के माध्यम से जुटाने की योजना है। इसके अतिरिक्त, 275 करोड़ रुपए अर्बन चैलेंज फंड से और लगभग 625 करोड़ रुपए बैंकों से प्राप्त किए जाएंगे। ये 'टेंपल बॉन्ड' 10 साल की अवधि के लिए जारी किए जाएंगे। संभागायुक्त आशीष सिंह ने निर्देश दिए हैं कि 'टेंपल बॉन्ड' जारी करने की प्रक्रिया 15 जुलाई तक पूरी कर ली जाए, ताकि इन्हें 31 जुलाई तक लॉन्च किया जा सके। इस योजना से उज्जैन और आसपास के धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। साथ ही, इससे पर्यटन, होटल कारोबार, परिवहन और स्थानीय रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा। सिंहस्थ-2028 में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए यह योजना अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

## प्रदेश के 1.5 लाख शिक्षकों को टीईटी पास करना अनिवार्य

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश के डेढ़ लाख से ज्यादा शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) देनी ही पड़ेगी। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को रिव्यू पिटीशनों पर फैसला सुनाते हुए कहा कि बच्चों के बेहतर शैक्षणिक विकास और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए शिक्षकों का टीईटी पास करना जरूरी है। कोर्ट ने यह भी साफ किया कि यह फैसला सिर्फ मध्यप्रदेश तक सीमित नहीं है, बल्कि देशभर के इन-सर्विस शिक्षकों पर लागू होगा। जिन राज्यों में अब तक पुराने शिक्षकों को टीईटी से छूट मिली हुई थी, वहां भी अब यह आदेश प्रभावी माना जाएगा। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने राहत देते हुए परीक्षा पास करने की समय-सीमा 2 साल से बढ़ाकर 3 साल कर दी है। अब शिक्षकों को 31 अगस्त 2028 तक टीईटी पास करने का मौका मिलेगा।

## कलेक्ट्रेट में युवक ने खुद पर डाला पेट्रोल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम, एजेंसी।** जमीनी विवाद में सुनवाई नहीं होने से परेशान एक युवक ने शुक्रवार दोपहर रतलाम कलेक्ट्रेट में अपने ऊपर पेट्रोल डाल लिया। घटना से कलेक्ट्रेट परिसर में हड़कंप मच गया। मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने तुरंत युवक को पकड़ लिया। कलेक्टर मिशा सिंह ने युवक से उसकी समस्या पूछी और संबंधित अधिकारियों को बुलाकर मामले की जानकारी ली। बाद में युवक को पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। युवक की पहचान नामली निवासी रमेश कुमावत के रूप में हुई है। घटना शुक्रवार दोपहर करीब 2 बजे की है। बताया जा रहा है कि जब कलेक्टर मिशा सिंह अपने चैंबर से बाहर निकल रही थीं, तभी रमेश कुमावत ने अपने ऊपर पेट्रोल डाल लिया। हंगामा मचते ही कर्मचारियों ने उसे पकड़ लिया और बड़ा हादसा टल गया।

# संपादकीय

## कर्नाटक में नई कमान: सत्ता हस्तांतरण के बाद संतुलन की बड़ी चुनौती

कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद से हटने के एक दिन बाद शुक्रवार को सिद्धारमैया दिल्ली में अपने उत्तराधिकारी डी. के. शिवकुमार और कांग्रेस नेतृत्व से मिले। पार्टी अब कर्नाटक में कैबिनेट पर फोकस कर रही है। कैबिनेट गठन, आगामी राज्यसभा चुनावों और पार्टी के भीतर सिद्धारमैया की भविष्य की भूमिका पर चर्चा के बीच, दोनों नेताओं ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात की। ये बैठकें ऐसे समय में हो रही हैं जब कांग्रेस कर्नाटक में सत्ता हस्तांतरण के बाद के चरण को संभालने और शिवकुमार के नेतृत्व में नई सरकार के गठन से पहले संतुलन बनाने की कोशिश कर रही है। सिद्धारमैया और शिवकुमार ने राहुल गांधी और खरगे से मुलाकात की, जिसके बाद उन्होंने सोनिया गांधी के 10 जनपथ स्थित आवास पर उनसे चर्चा की। पार्टी सूत्रों के अनुसार, बातचीत का मुख्य विषय नई कैबिनेट का गठन, राज्यसभा के लिए नामांकन और इस्तीफे के बाद सिद्धारमैया की भूमिका थी। न्यूज एजेंसी पीटीआई ने सूत्रों के हवाले से बताया कि सिद्धारमैया ने राहुल गांधी को राज्य की सेवा करने का अवसर देने के लिए धन्यवाद भी दिया और उन्हें बताया कि उन्होंने निर्देशानुसार मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। बताया जा रहा है कि कांग्रेस के इस वरिष्ठ नेता ने कर्नाटक में नई सत्ता व्यवस्था को लेकर अपने विचार भी व्यक्त किए हैं। ऐसी भी खबरें हैं कि वे राष्ट्रीय स्तर पर भूमिका निभाने के लिए दिल्ली जाने के इच्छुक नहीं हैं, बल्कि वे राज्य की राजनीति में ही सक्रिय रहना पसंद करेंगे। सिद्धारमैया के साथ कर्नाटक के मंत्री प्रियंक खरगे और के.जे. जॉर्ज, उनके बेटे और MLC यतींद्र सिद्धारमैया भी थे। सत्ता परिवर्तन की प्रक्रिया औपचारिक रूप से शुरू होने के साथ ही, कांग्रेस विधायक दल की जल्द ही बैठक होने की उम्मीद है, जिसमें वे अपने नए नेता का चुनाव करेंगे। पार्टी आलाकमान द्वारा इस पूरी प्रक्रिया की देखरेख के लिए एक केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किए जाने की भी संभावना है। एक बार चुने जाने के बाद, नए नेता राज्यपाल थावरचंद गहलोत से मिलेंगे और सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे। इसके बाद, राज्यपाल से यह उम्मीद की जाती है कि वे मुख्यमंत्री-पद के लिए नामित व्यक्ति को सरकार बनाने का न्योता देने से पहले, कांग्रेस विधायक दल के बहुमत को सत्यापित करेंगे। कर्नाटक विधायक दल की बैठक शनिवार शाम 4 बजे होगी। नए मुख्यमंत्री मंत्रिपरिषद के शपथ ग्रहण समारोह से पहले, नई कैबिनेट के गठन के लिए मंत्रियों की एक सूची प्रस्तुत करेंगे। कैबिनेट का गठन अगली चुनौती के रूप में सामने आया है। आने वाले दिनों में कैबिनेट का गठन सबसे संवेदनशील मुद्दों में से एक होने की उम्मीद है। ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि कांग्रेस नेतृत्व, सांगठनिक संतुलन बनाए रखने और सत्ता हस्तांतरण को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए, नई व्यवस्था में सिद्धारमैया के करीबी माने जाने वाले नेताओं को समायोजित करने का प्रयास कर सकता है।



Uttarpradesh

# प्रदेश में कहर बनकर टूटी आंधी-बारिश, 28 लोगों की दर्दनाक मौत, कई इलाकों में खंभे गिरने से बिजली प्रभावित

**लखनऊ।** नौतपा की भीषण गर्मी के बीच बृहस्पतिवार देर रात और शुक्रवार को प्रदेश में आंधी-बारिश ने कहर बरपाया। लखनऊ समेत पश्चिमी और पूर्वी यूपी के कई जिलों और तराई क्षेत्रों में आंधी के साथ झमाझम बारिश हुई। कुछ जिलों में ओले भी गिरे। इससे कच्चे मकानों की दीवारें गिर गईं। टिनशेड उड़ गए। सैकड़ों पेड़ गिर गए। खंभे गिरने से बिजली आपूर्ति ठप हो गई। इस बीच अलग-अलग जिलों में हुए हादसों और बिजली गिरने से प्रदेश भर में 28 लोगों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मौसम के कारण भारी तबाही का संज्ञान लेते हुए सभी डीएम को बचाव कार्य तेज करने, नुकसान



का आकलन करने और राहत राशि जल्द जारी करने के निर्देश दिए हैं।

रायबरेली में मकान के टिनशेड के नीचे दबकर शकुंतला (50) की मौत हो गई। अंबेडकरनगर में बिजली गिरने से केदारनगर के इंद्रजीत (50) की मौत हो गई। सबसे ज्यादा 10 मौतें बुंदेलखंड में हुईं। इनमें बांदा-हमीरपुर में तीन-तीन, महोबा उरई में दो-दो लोगों की मौत हुई। इसके अलावा मथुरा, उन्नाव, फतेहपुर में एक-एक व्यक्ति की जान गई। कौशाम्बी में चार, प्रतापगढ़ में एक की जान गई। आजमगढ़, बलिया और भदोही में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई है। देवरिया में बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। कच्चे मकान की दीवार गिरने से आगरा में एक रिक्शाचालक की मौत हुई है।

Assam

## मुस्लिम महिला को भारतीय मानने से HC का इनकार, 30 फरवरी को बताया था जन्मदिन




**गुवाहाटी, (एजेंसी)** गुवाहाटी हाईकोर्ट ने एक मुस्लिम महिला को भारतीय नागरिक मानने से इनकार करने वाले फॉरेनर्स ट्रिब्यूनल के आदेश को बरकरार रखा है। इस मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने एक बेहद अजीबोगरीब तथ्य को उजागर किया। अदालत ने पाया कि महिला ने अपने दस्तावेजों में अपनी जन्मतिथि 30.02.1990 (30 फरवरी 1990) बताई थी, जो पूरी तरह से अमान्य और असंभव है। ऐसा इसलिए क्योंकि अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार फरवरी के महीने में कभी 30 दिन होते ही नहीं हैं। जस्टिस संजय कुमार मेधी और जस्टिस प्रांजल दास की पीठ ने अपने आदेश में कहा कि बिना किसी मजबूत दस्तावेजी सबूत के केवल मौखिक गवाही के आधार पर महिला का अपने पूर्वजों से संबंध स्थापित नहीं किया जा सकता है।

**क्या है पूरा मामला?**- यह मामला दिसंबर 2006 का है। दरंग मंगलदोई के पुलिस अधीक्षक ने महिला की राष्ट्रीयता पर संदेह जताते हुए एक संदर्भ फॉरेनर्स ट्रिब्यूनल को भेजा था। ट्रिब्यूनल से इस मामले पर राय मांगी गई थी। नोटिस मिलने के बाद महिला ट्रिब्यूनल के सामने पेश हुई और खुद को भारतीय नागरिक साबित करने के लिए अपने लिखित बयान के साथ 9 दस्तावेज और गवाह पेश किए। उसने खुद को आकाश अली नाम के व्यक्ति का वंशज बताया, जिनका नाम 1966 की मतदाता सूची में शामिल था।

Karnataka

## किसी का काटा हाथ, किसी की गर्दन... 25 एकड़ जमीन के लिए एक ही परिवार के 6 लोगों की हत्या

**विजयपुरा, (एजेंसी) कर्नाटक के विजयपुरा जिले में जमीन विवाद को लेकर हुई हिंसा ने पूरे इलाके को दहला दिया। जिले के चडाचन पुलिस थाना क्षेत्र के गोविंदपुरा गांव में शुक्रवार दोपहर एक ही परिवार के पांच सदस्यों समेत 6 लोगों की बेरहमी से हत्या कर दी गई. जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है.**

पुलिस के अनुसार यह वारदात शुक्रवार दोपहर करीब 2 बजे से 2:30 बजे के बीच हुई. मृतकों की पहचान दुंडप्पा रेवनसिद्दप्पा निराले (65), शिवपुत्र रेवनसिद्दप्पा निराले (58), चंद्रकांत उर्फ चंदू रेवनसिद्दप्पा निराले (55), राहुल शिवपुत्र निराले (25), समर्थ शिवपुत्र निराले (23) और शब्बीर बाबूसाब अत्तर (45) के रूप में हुई है. वहीं, अरविंद कटागे (72) और जेसीबी ऑपरेटर संदीप माने (33) गंभीर रूप से घायल हुए हैं. दोनों को विजयपुरा शहर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

New Delhi

## CNG हुई महंगी, 2 रुपये बढ़ गए दाम PNG की कीमतों में भी इजाफा

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** सीएनजी की कीमतों में आज इजाफा हुआ है। महानगर गैस लिमिटेड ने मुंबई में कीमतों में बढ़ोतरी की है। देश की आर्थिक राजधानी में इस बढ़ोतरी के बाद सीएनजी का रेट 86 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गया है। इसके अलावा पाइप के जरिए दी जाने वाली कुकिंग गैस का रेट भी 52 पैसे पर यूनिट बढ़ाया गया है। बता दें, बीते हफ्ते दिल्ली-NCR में सीएनजी की कीमतों में इजाफा किया था। इस क्षेत्र में 15 मई से चौथी बार कीमतों को बढ़ाया गया था।

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, अंधेरी, कुर्ला सहित अन्य क्षेत्रों में सीएनजी के रेट 86 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया है। इसके अलावा पीएनजी की कीमतों में 52 रुपये प्रति यूनिट की बढ़ोतरी आज




हुई है। जिसका असर 31 लाख घरों पर पड़ेगा। बता दें, न्यूज18 मराठी की रिपोर्ट के अनुसार इससे पहले 14 मई को कीमतों में इजाफा किया गया था। तब सीएनजी के रेट को 2 रुपये प्रति किलोग्राम बढ़ाया गया था।

टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार महानगर गैस लिमिटेड के अधिकारी का कहना है, "वैश्विक तनाव की वजह से सप्लाई चेन पर बुरा असर पड़ा है।

खेल

# सूर्यवंशी की पारी पर भारी पड़ी गिल-सुदर्शन की साझेदारी खिताब से एक कदम दूर गुजरात, राजस्थान बाहर

**मुल्लांपुर, (एजेंसी)** कप्तान शुभमन गिल की कप्तानी पारी और साई सुदर्शन के साथ पहले विकेट के लिए की गई साझेदारी के दम पर गुजरात टाइटंस ने क्वालिफायर-2 मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स को सात विकेट से हराया। गुजरात ने इसके साथ ही आईपीएल 2026 के फाइनल में जगह पक्की कर ली है। राजस्थान ने वैभव सूर्यवंशी की शानदार पारी के दम पर 20 ओवर में छह विकेट पर 214 रन बनाए। जवाब में गुजरात ने 18.4 ओवर में तीन विकेट पर 219 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। राजस्थान का सफर इस तरह क्वालिफायर-2 में ही थम गया।

गुजरात टाइटंस ने इस तरह तीसरी बार आईपीएल के फाइनल में प्रवेश कर लिया। इससे पहले टीम ने साल 2022 (विजेता) और 2023 (उपविजेता) में खिताबी मुकाबला खेला था। अब गुजरात का सामना 31 मई यानी रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी)



से अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा। इस मैच में आरसीबी जहां खिताब का बचाव करने उतरेगी। वहीं, गुजरात दूसरी बार ट्रॉफी अपने नाम करना चाहेगी। गुजरात के लिए सुदर्शन-गिल के अलावा वाशिंगटन सुंदर ने 16 रन बनाए, जबकि राहुल तेवतिया नाबाद 17 और जोस बटलर नौ रन बनाकर नाबाद रहे। राजस्थान की ओर से जोफ्रा आर्चर, नांद्रे बर्गर और बृजेश शर्मा को एक-एक विकेट मिले।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात टाइटंस को कप्तान गिल और साई सुदर्शन ने मजबूत शुरुआत दिलाई। इन दोनों ने पहले विकेट के लिए 167 रनों की साझेदारी की। यह आईपीएल के प्लेऑफ में किसी भी विकेट के लिए की गई सबसे बड़ी साझेदारी है। गिल और सुदर्शन ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के माइकल हसी और मुरली विजय के 15 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ा। हसी और विजय ने 2011 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ फाइनल में 159 रनों की साझेदारी की थी जो आईपीएल के प्लेऑफ में की गई सबसे बड़ी साझेदारी थी, लेकिन गिल-सुदर्शन की जोड़ी ने इसे तोड़ दिया। इतना ही नहीं, गिल-सुदर्शन के बीच 11वीं बार शतकीय साझेदारी हुई जो पुरुष टी20 में किसी भी विकेट के लिए सर्वाधिक बार की गई साझेदारी है। इस जोड़ी ने क्रिस गेल और विराट कोहली, बाबर आजम-मोहम्मद रिजवान और एबी डिविलियर्स-कोहली को पीछे छोड़ा जिन्होंने 10-10 बार शतकीय साझेदारी निभाई है।

साई सुदर्शन अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे, लेकिन वह इस मैच में भी हिट विकेट होकर पवेलियन लौटे। इससे पहले, वह आरसीबी के खिलाफ क्वालिफायर-1 मैच में भी हिट विकेट हुए थे। दोनों ही मौकों पर सुदर्शन ने शॉट खेला और गेंद बाउंड्री के पार गई, लेकिन उनका बल्ला विकेट में जा लगा जिससे वह आउट हो गए। सुदर्शन 32 गेंदों पर आठ चौकों और एक छक्के की मदद से 58 रन बनाए।

सिनेमा

## हंसी-खुशी में बड़ी बात सिखा जाती है जैकी श्रॉफ की सुपरहीरो फिल्म, दिलाएगी मजा मगर नहीं परफेक्ट



बचपन में ना जाने हमने कितनी ऐसी फिल्में देखी हैं, जो हमारे मनोरंजन के लिए सबसे बेस्ट होती थीं. टार्जन द वंडर कार, भूतनाथ, भूत अंकल, चैन कुली की मैन कुली, माई फ्रेंड गणेशा, तारे जमीन पर, चिल्लर पार्टी- ये वो फिल्में हैं जो हंसाने के साथ-साथ अंत में एक बेहद अहम मैसेज देकर चली जाती हैं. पिछले काफी समय से बॉलीवुड की तरफ से ऐसी फिल्में नहीं आ रही थीं. मगर अब बॉलीवुड के बिंदास एक्टर माने जाने वाले जैकी श्रॉफ इस ट्रेंड को वापस लेकर आए हैं. उनकी नई फिल्म द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो 29 मई को थिएटर्स में रिलीज हो गई है. इस फिल्म का ट्रेलर जब आया, तो इसका कंटेंट काफी फ्रेश सी फीलिंग दे रहा था. ऐसा माना गया कि इसे देख बचपन की यादें ताजा होने वाली हैं. जैकी श्रॉफ पहले भी किड्स फ्रेंडली फिल्में बनाकर छा चुके हैं. अब क्या उनकी इस नई सुपरहीरो फिल्म ने भी वो कारनामा किया है? आइए, आपको बताते हैं. फिल्म की कहानी दिपू (मिहिर गोडबोले) की है, जो अपने पिता के ट्रांसफर की वजह से अलग-अलग स्कूलों में पढ़ने के लिए मजबूर है. इस वजह से उसका कोई पक्का दोस्त नहीं है. पढ़ाई में होशियार दिपू से स्कूल में कोई बात नहीं करता. अब ऐसे में उसे स्कूल में अच्छे दोस्त बनने के लिए अपने दादा जगदीश (जैकी श्रॉफ) को सुपरहीरो बनाना पड़ता है.


## Highlights

1. **Siddaramaiah meets Rahul, Kharge a day after resigning as K'taka CM**
2. **School principal suspended days before retirement over post against Kerala CM Satheesan**
3. **Accused kept original documents of some NEET candidates: CBI probe**
4. **FIR filed against Raj Minister for abusing, threatening policemen**
5. **CBSE 12th re-evaluation opens today amid OSM row, 11 lakh answer sheets requested**

# At first ask, Motorola Razr Fold intends to change the foldable hierarchy

**NEW DEIHI, (Agency).** The very fact that Motorola took its time to enter the book fold style foldable phone category is a positive sign. Clearly (and as the proof of the pudding lies in eating it, as they say) the effort with the Motorola Razr Fold seems to have paid off because the desired refinement benchmark looks likely achieved. The proof of using the phone certainly seems to suggest that. To the different degrees that Motorola's efforts with the Razr Fold may imply, the Google Pixel 10 Pro Fold should be very worried, the Vivo X Fold5 should be quite worried, and the Samsung Galaxy Z Fold7 may occasionally look over its shoulder. That in a way, should give you a fair idea of an evolving foldable phone hierarchy at this moment.

The Motorola Razr Fold is priced at ₹1,39,999 onwards, and the spec choices include



12GB memory with 256GB storage or 16GB memory with 512GB storage. In comparison, the Galaxy Z Fold7 starts at around ₹1,74,999, while the Vivo X Fold5 costs ₹1,49,999. Both also potentially benefit from discounts and cashback offers linked to certain payment modes. But you can see Motorola's efforts to deliver that value potential, which I'd mentioned earlier. The fact that it's a collection of the newest hardware defining the spec sheet helps, at least until the rivals get generational updates in the months ahead.

The little things really matter. The Razr Fold is powered by the Qualcomm Snapdragon 8 Gen 5 chip. The 8.1-inch foldable display is just about the biggest in this category, with Samsung's 8-inch display real estate not too far behind. The key to the Motorola Razr Fold's screen is its peak rated brightness of 6200 nits, which is more than double the Galaxy Z Fold7's 2600 nits and still significantly higher than the Vivo X Fold5's 4500 nits.

# Sensex crashes 1,000 points, Nifty slumps 359 amid sharp sell-off after 3 pm

**NEW DEIHI, (Agency).** Indian benchmark indices witnessed a dramatic sell-off in the final hour of trade on Friday, with the BSE Sensex plunging 1,092.06 points to settle at 74,775.74 and the NSE Nifty dropping 359.40 points to close at 23,547.75.

The benchmarks had traded in positive territory for much of the session, buoyed by easing concerns over tensions in the Middle East and strength in select technology stocks. However, sentiment reversed sharply after 3 pm, triggering a broad-based sell-off that erased earlier gains



and dragged both indices to their day's lows by the closing bell. Market participants attributed the late slump to a combination of profit-booking, persistent foreign fund outflows, uncertainty surrounding global geopolitical developments and concerns over the impact of below-normal monsoon rainfall on the economy and inflation.

Selling pressure was visible across most sectors, with financial, metal and FMCG stocks among the biggest losers. Information technology shares offered some support during the day but were unable to prevent the sharp decline in headline indices. The steep fall in the final hour also reflected heightened investor caution, with traders reducing risk exposure ahead of key global developments and fresh domestic triggers. Volatility spiked as selling intensified across large-cap counters.




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक